2024/43

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री कान्तिलाल उपाध्याय निवासी ब्रह्मपुरी मोहल्ला सांतपुर तहसील आबूरोड जिला सिरोही।		सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत

किस्म मुकदमा— **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 10 वर्ष 2024

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
20.03.2024	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनांक 09.02.2024 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि उपखण्ड कार्यालय आबूपर्वत द्वारा दिनांक 01.01.2023 से आज तक कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिया(आबूपर्वत) को निर्माण सामग्री हेतु निर्माण कार्य अनुसार जो टोकन जारी किए गए है, उन सभी टोकनों की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/— जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनांक 09.02.2024 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि उपखण्ड कार्यालय आबूपर्वत द्वारा दिनांक 01.01.2023 से आज तक कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिया(आबूपर्वत) को निर्माण सामग्री हेतु निर्माण कार्य अनुसार जो टोकन जारी किए गए है, उन सभी टोकनों की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर—ए—इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (शुभम चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Chaudhary Date: 2024.05.28 16:20:35 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner